भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1376
09 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

कर्नाटक में छावनी का नागरिक - क्षेत्र

1376. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्नाटक में स्थित छावनी के नागरिक-क्षेत्र के पृथक्करण के संबंध में कर्नाटक के मुख्य सचिव से कोई उत्तर प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार का बेलगावी छावनी के नागरिक-क्षेत्र के पृथक्करण की रिपोर्ट देने के लिए कर्नाटक के संबंध में एक समिति के गठन हेतु कोई उपाय आरम्भ करने का प्रस्ताव है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इसके लिए समिति कब तक गठित किये जाने की संभावना है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): जी, नहीं ।

(ग) से (ङ.): जी, हां । कर्नाटक राज्य में बेलगांव छावनी के नागरिक क्षेत्रों के पृथक्करण और उनके राज्य की समीपवर्ती नगरपालिका के साथ विलय करने के संबंध में प्रस्तावित तौर-तरीकों का ब्यौरा तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है जिसमें सभी हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल हैं ।

****